# कक्षा- 7, विषय- हिन्दी

नाम..................................
विद्यालय............................

प्रश्न 1- निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए।
आना, ऊपर, गर्म, सुबह, मित्र, आज, अपना, राजा, अच्छा, असली

प्रश्न 2- निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखो-
पृथ्वी, नदी, पहाड़, कमल, विद्यालय, दोस्त, घर, पेड़, पक्षी, फूल

प्रश्न 3- निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए-
जिसका कोई मोल न हो।
जिसका स्वर्गवास हो गया हो।
जो सबको प्रिय हो।
जो खेती करता हो।
रक्षा करने वाला।

प्रश्न 4- अपनी पाठ्य पुस्तक से याद की हुई किसी कविता की 8 पंक्तियां लिखिए।

प्रश्न 5- निम्नलिखित वाक्यों में संज्ञा शब्दों पर गोला लगाएं-
राजू क्रिकेट खेल रहा है।
कौआ पानी पी रहा है।
मोहन गाना गा रहा है।
मेरे पिताजी एक शिक्षक हैं।
हम कल बस से आगरा गए थे।

प्रश्न 6- निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए-सवा
आँखों में खटकना।
अक्ल पर पत्थर पड़ना।
माथा ठनकना।
दूसरे के कन्धे पर बन्दूक रखना।
नाक में दम करना।

प्रश्न 7- निम्नलिखित वाक्यों में विशेषण शब्द छांटिए-
छोटा बच्चा धीरे-धीरे चलता है।
वह नीला कुर्ता पहने हुए था।
वह कमजोर लड़का था।
मोहन बीमार हो गया है।
हम यहाँ देर से पहुँचे थे।

प्रश्न 8- सर्वनाम की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

प्रश्न 9- राजधर्म पाठ का सारांश लिखिए।

प्रश्न 10- ब्रह्मदत्त अपने विषय में क्या जानना चाहता था?

प्रश्न 11- राजा ब्रह्मदत्त वेश बदलकर क्यों घूमता था?

प्रश्न 12- प्रातः काल पशुपालक अपने पशुओं को चारा खिलाते हैं। इसी तरह अन्य व्यक्तियों के द्वारा प्रातः काल किये जाने वाले कार्यों के विषय में लिखिए

प्रश्न 13- कवि ने प्रातःकाल पृथ्वी पर फैले ओसकणों को क्या कहा है?

प्रश्न 14- निम्नलिखित पंक्तियों का भाव स्पष्ट कीजिए-
(क) सब पूछ रहे हैं दिग्-दिगन्त,
वीरों का कैसा हो वसंत?
(ख) है रंग और रण का विधान,
मिलने आये हैं आदि-अन्त।

प्रश्न 15- अपने आस-पास किसी सैनिक से मिलकर उनके कार्य क्षेत्र के बारे में जानकारी , प्राप्त कर, उसे अपने शब्दों में लिखिए।

प्रश्न 16- एक वीर सैनिक सारी सुख-सुविधा का त्यागकर देश की रक्षा में सन्नद्ध रहता है। दुर्गम बर्फ से घिरी पहाड़ी पर स्थित किसी सैनिक को किन कठिनाइयाँ का सामना करना पड़ता होगा? सोचकर लिखिए।

प्रश्न 17- वीरों के लिए वसंत के रंग और रण का क्या स्वरूप है?

प्रश्न 18- यदि आपने बस/रेलगाड़ी से कोई यात्रा की हो तो यात्रा में लिये गये टिकट पर दी गयी जानकारी तथा निर्देश को लिखें।

प्रश्न 19- 'एक कील की वजह से राज्य खो जाता है' कहावत को लेखक ने किस सन्दर्भ में कहा?

प्रश्न 20- यात्रा करने में हमें नक्शा किस प्रकार सहायता करता है?

21- संज्ञा की परिभाषा उदाहरण सहित और उसके भेद लिखिए।

# कक्षा- 7, विषय- हिन्दी

प्रश्न 21- निम्नलिखित पुल्लिंग शब्दों के स्त्रीलिंग शब्द बनाइए-
चाचा, कुत्ता, हाथी, शेर, सेठ, लुहार, नायक, गायक, पिता, राजा।

प्रश्न 22- निम्नलिखित एकवचन शब्दों के बहुवचन बनाइए-
छात्रा, खुशी, पुत्री, पुस्तक, मिठाई, चिट्ठी, सड़क, औरत, गाय, चूहा

प्रश्न 23- निम्नलिखित वाक्यों को प्रश्नवाचक वाक्यों में बदलिए-
माताजी कपड़े सूखा रही हैं।
आज हमारे घर मेरे मित्र आए हैं।
मेरे पिताजी ने दो किलो आम खरीदे।
क्रिकेट के मैच में इंग्लैंड की टीम जीत गई।
तुम्हारा भाई कक्षा सात में पढ़ रहा है।

प्रश्न 24- 'मेरा परिवार' विषय पर एक निबन्ध लिखिए।

प्रश्न 25- निम्नलिखित तद्भव शब्दों के तत्सम रूप लिखिए-
खेत, ससुर, कुम्हार, मोर, चाँद, गाँव, घर, शेर, छेद, सपना

प्रश्न 26- लिंग की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

प्रश्न 27- निम्नलिखित शब्दों में प्रति उपसर्ग लगाकर नए शब्द बनाइए-
दिन, उत्तर, कार, भा, मान, घात, निधि, पक्ष, वर्ष, घात, एक

प्रश्न 28- क्रिया की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

प्रश्न 29- निम्नलिखित शब्दों से भाववाचक संज्ञा बनाइए-
मीठा, चोर, कोमल, मानव, बेईमान, बच्चा, अपना, दुश्मन, सुन्दर, कठोर

प्रश्न 30- निम्नलिखित गद्यांशों को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

गद्यांश 1 :

गाँधी जी का जीवन सादगी, सत्य और अहिंसा का प्रतीक था। उन्होंने अपने जीवन में कभी भी झूठ का सहारा नहीं लिया। वे हमेशा दूसरों की भलाई के लिए कार्य करते थे। उन्होंने भारत को अंग्रेजों की गुलामी से मुक्त कराने के लिए अनेक संघर्ष किए। उन्होंने 'स्वदेशी' वस्तुओं को बढ़ावा दिया और लोगों को खादी पहनने के लिए प्रेरित किया। उनका मानना था कि देश की उन्नति तभी संभव है जब हम आत्मनिर्भर बनें।

प्रश्न :

1- गाँधी जी का जीवन किन सिद्धांतों का प्रतीक था?
2- गाँधी जी ने भारत के लिए क्या किया?
3- गाँधी जी ने लोगों को क्या पहनने के लिए प्रेरित किया?
4- गाँधी जी का आत्मनिर्भरता के बारे में क्या विचार था?
5- उपयुक्त गद्यांश का एक उपयुक्त शीर्षक लिखिए।

गद्यांश 2 :

पेड़ हमारे जीवन के लिए बहुत उपयोगी हैं। ये हमें न केवल फल, फूल और लकड़ी देते हैं, बल्कि शुद्ध वायु भी प्रदान करते हैं। पेड़ों की छाया गर्मी में ठंडक देती है और पक्षियों को आश्रय मिलता है। पेड़ वर्षा लाने में भी सहायक होते हैं। हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाकर पर्यावरण की रक्षा करनी चाहिए।

प्रश्न-

1. पेड़ हमें क्या-क्या देते हैं?
2. पेड़ गर्मी में किस प्रकार सहायक होते हैं?
3. पक्षियों को पेड़ों से क्या लाभ होता है?
4. पेड़ वर्षा में कैसे सहायक होते हैं?
5. हमें क्या करना चाहिए?